उत्तर प्रदेश शासन

1985-86 के आय-व्ययक

पर

542
352.1252
UTT-A

श्वेत पत्र

उत्तर प्रदेश शासन

1985-86 के आय-व्ययक पर

श्वेत-पत्र

इस श्वेत-पत्र में 1983-84 के वास्तविक आंकड़ों और 1984-85 के पुनरीक्षित अनुमानों पर आधारित राज्य की वित्तीय स्थिति की संक्षिप्त समीक्षा नीचे दी गई है। इसमें 1985-86 के आय-व्ययक की मुख्य-मुख्य बातें भी बताई गई हैं।

1983-84 का लेखा

नीचे दिये हुये विवरण-पत्र में 1983-84 के लेखे संक्षेप में दिये गये हैं:---

(करोड़ रुपयों में)

1	मूल आय-व्ययक अनुमान 2	वास्तविक आंकड़े 3
प्रारम्भिक शेष	(-) 40.13	(-) 11.69
1---समेकित निधि		
प्राप्तियां --		
राजस्व लेखे की प्राप्तियां	2565.65	2655.42
पूंजी लेखे की प्राप्तियां		
कर्जों से प्राप्तियां	1183.47	1729.69
कर्जों और पेशगियों की वसूलियां	57.67	62.22
योग, पूंजी लेखे की प्राप्तियां ..	1241.14	1791.91
योग, प्राप्तियां ..	3806.79	4447.33
व्यय---		
राजस्व लेखे का व्यय	2501.46	2761.16
पूंजी लेखे का व्यय		
पूंजीगत परिव्यय	392.91	541.38
कर्जों का प्रतिदान	755.39	1174.06
कर्जे और पेशगियां	368.66	497.35
आकस्मिकता निधि को अन्तरण	..	..
योग, पूंजी लेखे का व्यय ..	1516.96	2212.79
योग, व्यय ..	4018.42	4973.95
समेकित निधि में घाटा (-)/बचत (+)	(-) 211.63	(-) 526.62
2---आकस्मिकता निधि (शुद्ध) ..	..	(+) 20.81
3---लोक लेखा (शुद्ध) ..	132.47	(+) 523.09
समस्त लेन-देनों का शुद्ध परिणाम ..	(-) 79.16	(+) 17.28
अंतिम शेष	(-) 119.29	(+) 5.59*

*भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार वर्ष का अंतिम शेष (-) 138.61 करोड़ रुपये था। लेखों में प्रदर्शित 5.59 करोड़ रु0 का अंतिम 'शेष कर्जों से प्राप्तियों' के अन्तर्गत रिजर्व बैंक से अर्थोपाय अग्रिम के अधीन पुरतांकित 140.31 करोड़ रु0 की प्राप्ति को हिसाब में लेकर है।

NIEPA DC
D02516
Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
Planning and Aministration
17-B,SriAurbindo Marg,New Delhi-110016
DOC. No. D-2516
Date 4/6/85

राजस्व लेखे की प्राप्तियां :—

वर्ष 1983–84 के मूल अनुमानों की तुलना में राजस्व प्राप्तियों में समग्र रूप से 89.77 लाख रुपये की वृद्धि हुई है, जो निम्नलिखित न्यूनाधिकताओं के कारण हैं :—

(लाख रुपयों में)

	आय-व्ययक अनुमान 1983-84	वास्तविक 1983–84	न्यूनाधिकतायें वृद्धि (+) कमी (–)
1—केन्द्रीय करों में राज्य सरकार का अंश व अतिरिक्त संघीय उत्पादन शुल्क को मिलाकर	8,79,04	6,82,12	(–) 1,96,92
2—राज्य सरकार का कर राजस्व (जिसमें भू-राजस्व सम्मिलित है, किन्तु अतिरिक्त संघीय उत्पादन शुल्क में राज्य का अंश सम्मिलित नहीं है। ..	9,40,14	9,92,10	(+) 51,96
3—भारत सरकार से सहायक अनुदान और अन्य प्राप्तियां	3,95,47	5,76,45	(+) 1,80,98
4—अन्य प्राप्तियां	3,51,00	4,04,75	(+) 53,75
योग ..	25,65,65	26,55,42	(+) 89,77

लेखों में संघीय उत्पादन शुल्क (आधारिक और अतिरिक्त) तथा आयकर के विभाज्य समुच्चय में राज्य सरकार के अंश में क्रमशः 1,83,26 लाख रु0 तथा 13,70 लाख रु0 की कमी प्रदर्शित है। होटल प्राप्तियों पर कर को समाप्त कर दिये जाने के कारण इस मद के समक्ष प्राप्तियों में 13 लाख रु0 की कमी हुई। सम्पदा शुल्क के अन्तर्गत प्राप्तियां 17 लाख रु0 अधिक रहीं।

मुख्यतः करापवंचन की रोकथाम के सम्बन्ध में प्रभावी कदम उठाये जाने तथा कर देने वाले व्यापारियों की संख्या में वृद्धि तथा केन्द्रीय तथा राज्य विक्रय-कर अधिनियमों के अन्तर्गत उगाहियों तथा मोटर स्पिरिट एवं लुब्रीकेन्टस की बिक्री पर कर के अन्तर्गत पेट्रोल की बिक्री पर कर में वृद्धि होने के कारण विक्रय-कर के अधीन प्राप्तियां 36,40 लाख रु0 अधिक रहीं। मुख्यतः स्टाम्पों की बिक्री तथा विलेखों के मूल्यांकन पर शुल्क में अधिक प्राप्तियां होने के कारण स्टाम्प तथा निबन्धन शुल्क के अधीन प्राप्तियां 1556 लाख रु0 अधिक रहीं। मुख्यतः यात्रियों की संख्या में निरन्तर वृद्धि होने के फलस्वरूप करों की वसूली एवं पथकर से अधिक आय होने के कारण माल और यात्रियों पर कर के अधीन प्राप्तियां 417 लाख रु0 अधिक रहीं। बिजली पर कर और शुल्क के अधीन प्राप्तियों में 268 लाख रु0 की वृद्धि रही। कतिपय नए सिनेमागृह खुल जाने के फलस्वरूप मनोरंजन कर के अन्तर्गत कर की उगाही में वृद्धि के फलस्वरूप वस्तुओं और सेवाओं पर अन्य कर एवं शुल्क के अन्तर्गत प्राप्तियां 157 लाख रु0 अधिक रहीं। इसके विपरीत भू-राजस्व, राज्य उत्पादन शुल्क तथा यानों पर कर के अन्तर्गत प्राप्तियों में क्रमशः 515 लाख रु0, 186 लाख रु0 और 135 लाख रु0 की कमी रही।

राज्य आयोजनागत योजनाओं, केन्द्रीय आयोजनागत योजनाओं, आयोजनेतर योजनाओं तथा केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनाओं के निमित्त भारत सरकार से मिलने वाली राज सहायता में क्रमशः 8237 लाख रु0, 4706 लाख रु0, 2853 लाख रु0 और 2302 लाख रु0 की वृद्धि रही।

मुख्यतः वाणिज्यिक उपक्रमों तथा अन्य संस्थाओं से ब्याज प्राप्तियां मूलानुमान की तुलना में 4025 लाख रु0 अधिक रही कर्मचारी सामूहिक बीमा योजना के कार्यान्वयन के अन्तर्गत लेखा प्रक्रिया में परिवर्तन किए जाने के कारण सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण के अन्तर्गत प्राप्तियों में 927 लाख रु0 की वृद्धि हुई। उत्तर प्रदेश राजकीय लाटरी के टिकटों की बिक्री से अधिक आय प्राप्त होने के कारण प्रकीर्ण सामान्य सेवायें के अन्तर्गत प्राप्तियां 694 लाख रु0 अधिक रहीं। मुख्यतः पंचायतीराज अधिनियमों के अन्तर्गत प्राप्तियों में वृद्धि के कारण सामुदायिक विकास के अन्तर्गत प्राप्तियां 364 लाख रु0 अधिक रहीं। मुख्यतः टेण्डर फार्म की बिक्री तथा सेन्टेज की वसूली से अधिक आय होने के कारण सार्वजनिक निर्माण-कार्य के अन्तर्गत प्राप्तियां 315 लाख रुपये अधिक रहीं। मुख्यतः राजकीय नौ-घाटों तथा उन नौ-घाटों जिनका प्रबन्ध स्थानीय निकाय करती हैं, से अधिक आय प्राप्त होने के कारण सड़कें तथा पुल के अन्तर्गत प्राप्तियां 288 लाख रु0 अधिक रहीं। खाने और खनिज तथा उद्योग के अन्तर्गत प्राप्तियां क्रमशः 222 लाख रु0 तथा 197 लाख रु0 अधिक रहीं। भारत तिब्बत सीमा पर सुरक्षा दल के लिए भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाला अंशदान तथा अन्य राज्यों से पी0ए0सी0 कम्पनियों की प्रतिनियुक्ति के कारण होने वाली वसूलियां मूलानुमान से अधिक होने के कारण पुलिस के अन्तर्गत प्राप्तियां 189 लाख रु0 अधिक रहीं। लेखन सामग्री एवं मुद्रण, सहकारिता तथा आवासीय भवन के अन्तर्गत प्राप्तियों में भी क्रमशः 113 लाख रु0, 75 लाख रु0 तथा 71 लाख रु0 की वृद्धि रही। इसके विपरीत जल की मांग अपेक्षाकृत कम होने के कारण सिंचाई, नौ-परिवहन जलोत्सारण एवं बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएं के अन्तर्गत प्राप्तियां 1025 लाख रु0 कम रहीं। लोक सभा तथा विधान सभा निर्वाचन में प्रयोगार्थ इलेक्ट्रोनिक ओटिंग मशीनें न क्रय किए जाने के कारण केन्द्र सरकार से मिलने वाली पचास प्रतिशत सहायता न प्राप्त हो सकी। मुख्यतयः इस कारण अन्य प्रशासनिक सेवायें के अन्तर्गत प्राप्तियां 575 लाख रु0 कम रहीं। मुख्यतः उपभोक्ताओं/खरीदारों द्वारा हटाई गई इमारती लकड़ी की लाटों तथा वन उपजों की बिक्री से अपेक्षाकृत कम आय होने के कारण वन के अन्तर्गत प्राप्तियों में 160 लाख रु0 की कमी रही। लाभांश तथा लाभ, चिकित्सा, कृषि, पशुपालन तथा बहुप्रयोजनीय नदी परियोजनाएं के

अन्तर्गत मूलानुमान की तुलना में प्राप्तियां क्रमश: 130 लाख रु0, 124 लाख रु0, 71 लाख रु0, 61 लाख रु0 तथा 58 लाख रुपये कम रहीं ।

पूंजी लेखे की प्राप्तियां--

ऋणों से प्राप्तियां--

राज्य सरकार द्वारा लिये जाने वाले ऋणों के सम्बन्ध में मूल आय-व्ययक में यह अनुमान लगाया गया था कि वर्ष में कुल 1183.47 करोड़ रु0 के ऋण प्राप्त होंगे जिससे रिजर्व बैंक से प्राप्त किये जाने वाले अर्थोपाय अग्रिमों की 500 करोड़ रु0 की धनराशि भी सम्मिलित की गई थी किन्तु लेखों के अनुसार वर्ष में ऋणों से कुल प्राप्ति 1729.69 करोड़ रु0 रही जिसमें रिजर्व बैंक से प्राप्त 824.25 करोड़ रु0 के अर्थोपाय अग्रिमों की धनराशि भी सम्मिलित है। इस राशि को निकाल कर वर्ष में ऋणों की वास्तविक प्राप्तियां 905.44 करोड़ रु0 है जो मूल अनुमानों से 221.97 करोड़ रु0 अधिक हैं ।

ऋणों के अन्तर्गत बाजार कर्ज के 150.62 करोड़ रु0 के मूल अनुमान के समय 151.61 करोड़ रु0 प्राप्त हुआ। स्टेट बैंक से खाद्यान्न व्यापार हेतु उपलब्ध कैश क्रेडिट की सुविधा के अधीन 36 करोड़ रु0 के अनुमान के समक्ष 46.88 करोड़ रु0 का ऋण प्राप्त हुआ। भारतीय जीवन बीमा निगम से मूलत: 6.10 करोड़ रु0 का अनुमान लगाया गया था परन्तु वास्तव में उक्त निगम से लेखे में कोई ऋण प्राप्ति प्रदर्शित नहीं है। अन्य संस्थाओं जैसे राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम तथा भारत के जनरल इन्श्योरेंस कारपोरेशन से मूल बजट में अनुमानित क्रमश: 9.34 तथा 3.05 करोड़ रु0 की प्राप्ति के समय वास्तविक प्राप्ति 27.06 तथा 1.00 करोड़ रु0 की हुई।

केन्द्र सरकार से प्राप्त होने वाले ऋणों के 478.33 करोड़ रु0 के मूल अनुमान की तुलना में वास्तविक प्राप्ति 680.06 करोड़ रु0 की हुई आयोजनेतर ऋणों के अन्तर्गत अल्प बचत तथा खाद्य उर्वरक के लिये अनुमानित 110 करोड़ रुपये तथा 40 करोड़ रुपये के समक्ष वास्तविक प्राप्ति 189.23 तथा 44 करोड़ रु0 की हुई। राज्य आयोजनागत योजनाओं के लिये 315.83 करोड़ रु0 के अनुमान के समक्ष 334.45 करोड़ रु0 का ऋण प्राप्त हुआ। केन्द्रीय आयोजनागत योजनाओं के लिये 2.87 करोड़ रु0 का मूल अनुमान था परन्तु वास्तव में 6.10 करोड़ रु0 का ऋण प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त लेखे में 95 करोड़ की प्राप्ति केन्द्र सरकार से आलोच्य वर्ष के दौरान प्राप्त अर्थोपाय अग्रिमों की प्राप्ति भी प्रदर्शित है जिसके लिये मूल बजट में कोई व्यवस्था नहीं थी।

ऋणों और अग्रिमों की वसूलियां--

राज्य सरकार द्वारा दिये गये ऋणों और अग्रिमों की वसूली के सम्बन्ध में 57.67 करोड़ रुपये के मूल अनुमान की तुलना में वास्तविक वसूली 62.22 करोड़ रु0 की हुई। वसूलियों में वृद्धि मुख्यत: सहकारिता के लिये ऋण के अन्तर्गत हुई।

राजस्व लेखा का व्यय--

वर्ष 1983-84 के लिए मूल आय-व्ययक में राजस्व व्यय हेतु 2501.46 करोड़ रु0 की व्यवस्था थी जिसमें केन्द्रीय आयोजनागत योजनाओं एवं केन्द्र द्वारा पुरोनिर्वानित योजनाओं और राज्य आयोजनागत योजनाओं के लिए आयोजनागत पक्ष में 496.94 करोड़ रु0 और आयोजनेतर पक्ष में 2004.52 करोड़ रु0 अनुमानित था किन्तु वर्ष के दौरान व्यय में 259.70 करोड़ रु0 की वृद्धि होने के फलस्वरूप राजस्व व्यय 2761.16 करोड़ रु0 हुआ।

आयोजनागत पक्ष में वास्तविक व्यय 669.99 करोड़ रु0 रहा जो मूल अनुमान से 173.05 करोड़ रु0 अधिक है। मुख्यतय: ग्रामीण भूमिहीन रोजगार कारन्टी कार्यक्रम आरम्भ करने के फलस्वरूप सामुदायिक विकास के अन्तर्गत 6004 लाख रुपये अधिक व्यय किया गया। न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत त्वरित ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के लिए भारत सरकार से अतिरिक्त सहायता उपलब्ध होने के फलस्वरूप लोक स्वास्थ्य, सफाई और जल प्रदाय के अन्तर्गत 4874 लाख रु0 का व्यय अधिक रहा। मुख्यत: लघु तथा सीमान्त कृषक को कृषि उत्पादन बढ़ाने की योजना के अन्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराने के कारण कृषि के अन्तर्गत 2471 लाख रु0 का व्यय अधिक रहा। मुख्यतय: पर्वतीय क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के लिए अतिरिक्त सहायता दिए जाने के फलस्वरूप विशेष और पिछड़े क्षेत्र के अन्तर्गत 1247 लाख रु0 का व्यय किया गया। लखनऊ में स्थापित होने वाले पोस्ट ग्रेजुएट इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्स के अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराए जाने के फलस्वरूप चिकित्सा के अन्तर्गत व्यय में 982 लाख रु0 की वृद्धि हुई। आवश्यकता के आधार पर सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण (706 लाख रु0) ग्रामोद्योग और (लघु उद्योग) 665 लाख रु0) क्षेत्र विकास (513 लाख रु0) सहकारिता 369 लाख रु0 शिक्षा (342 लाख रु0) भू-राजस्व (275 लाख रु0) पशुपालन (194 लाख रु0), डेरी विकास (140 लाख रु0), श्रम एव सेवायोजन (139 लाख रु0), मत्स्य उद्योग (60 लाख रु0) तथा अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें (54 लाख रुपये) के अन्तर्गत व्यय अधिक रहा। दूसरी ओर सरकारी तथा अन्य कर्मचारियों को स्वीकृत किए जाने वाले महंगाई भत्ते के लिए किए गए एकमुश्त प्राविधान की राशि को सम्बन्धित कार्यात्मक शीर्षकों से ही वहन किए जाने के कारण सचिवालय सामान्य सेवायें के अन्तर्गत 1701 लाख रु0 की बचत हुई। परिवार नियोजन के अन्तर्गत आवश्यकता के आधार पर व्यय में 180 लाख रु0 की बचत रही।

आयोजनेतर पक्ष में 2004.52 करोड़ रु0 के मूल अनुमान के विरुद्ध वास्तविक व्यय 2091.17 करोड़ रु0 हुआ जो 86.65 करोड़ रु0 अधिक है। मुख्यतय: सरकारी तथा अन्य कर्मचारियों को स्वीकृत किए जाने वाले महंगाई भत्ते के लिए किए गए एकमुश्त प्राविधान की राशि को सम्बन्धित कार्यात्मक शीर्षकों से वहन किए जाने के कारण विभिन्न कार्यात्मक शीर्षकों में व्यय की वृद्धि हुई। इस वृद्धि को सम्मिलित करते हुए अथवा अन्य कारण से बड़ी-बड़ी अधिकतायें निम्न प्रकार हैं। अशासकीय विद्यालयों को अधिक सहायता भी उपलब्ध कराए जाने के कारण शिक्षा के अन्तर्गत 5581 लाख रु0 की वृद्धि हुई। उद्योग के अन्तर्गत 3381 लाख रु0 का व्यय अधिक रहा। मुख्यतय: बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में प्रभावित व्यक्तियों को सहायता उपलब्ध कराए जाने के कारण प्राकृतिक आपदाओं के सम्बन्ध में राहत के अन्तर्गत 2461 लाख रु0 का व्यय अधिक हुआ। पुलिस तथा लघु सिंचाई के अन्तर्गत क्रमश: 2308 लाख रु0 तथा 1796 लाख रु0 का व्यय अधिक रहा। मुख्यतया सार्वजनिक अधिष्ठान के व्यय के

के लिए अन्यत्र किए गए प्राविधान को सड़के तथा पुल के अन्तर्गत वहन किए जाने के फलस्वरूप इस शीर्षक के अन्तर्गत 1781 लाख रुपये का व्ययाधिक्य हुआ। चिकित्सा, सामुदायिक विकास एवं भू-राजस्व के अन्तर्गत क्रमशः 1487 लाख रु0, 1413 लाख रु0, एवं 1039 लाख रु0 का व्ययाधिक्य हुआ। अतिरिक्त महंगाई भत्ते की स्वीकृति के कारण कृषि (1034 लाख रु0), लोक स्वास्थ्य सफा और जल प्रदाय (990 लाख रु0), सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण (865 लाख रु0), सिंचाई, नौ-परिवहन, (जल निकास और बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएं (791 लाख रु0), विविध सामान्य सेवायें (715 लाख रु0), पशुपालन 462 लाख रुपये), जेल (446 लाख रु0), स्थानीय और पंचायतीराज संस्थाओं को प्रतिकर और अभ्यर्पण (373 लाख रु0), श्रम और रोजगार (314 लाख रु0), बहुउद्देशीय नदी परियोजनाएं (292 लाख रु0), जिला प्रशासन (280 लाख रु0), न्याय प्रशासन (279 लाख रु0), सिविल विमानन (263 लाख रु0), क्षेत्र विकास (228 लाख रु0), अन्य प्रशासनिक सेवायें (158 लाख रु0), सूचना और प्रसार (142 लाख रु0), सहकारिता (118 लाख रु0), राज्य उत्पादन शुल्क (101 लाख रुपये), स्टाम्प एवं रजिस्ट्री के अन्तर्गत (72 लाख रु0), आग से बचाव और उसका नियंत्रण के अन्तर्गत (62 लाख रु0), तथा आवास (51 लाख रु0) व्ययाधिक्य हुआ। इसके विपरीत मुख्यतः सरकारी तथा अन्य कर्मचारियों को स्वीकृत किए जाने वाले महंगाई भत्ते के लिए किए गए एकमुश्त प्राविधान की राशि को सम्बन्धित कार्यात्मक शीर्षकों से वहन किए जाने के फलस्वरूप सचिवालय सामान्य सेवायें के अन्तर्गत। (5727 लाख रु0) की बचत रही। आवश्यकता के आधार पर पेंशन और अन्य सेवा निवृत्ति लाभ तथा ब्याज की अदायगियां के अन्तर्गत क्रमशः (1659 लाख रु0) तथा (1407 लाख रु0) की बचत हुई। सार्वजनिक अधिष्ठान व्यय के विभिन्न शीर्षक के अन्तर्गत अनुपातिक वितरण के कारण सार्वजनिक निर्माण-कार्य के अन्तर्गत 1598 लाख रुपये की बचत हुई। मुख्यतयः लोक सभा तथा विधान सभा निर्वाचन में प्रयोगार्थ इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीने न क्रय किए जाने के कारण निर्वाचन के अन्तर्गत 936 लाख रु0 की बचत हुई। विक्रय-कर (165 लाख रु0), ग्रामोद्योग और लघु उद्योग (118 लाख रु0) तथा लेखन सामग्री एवं मुद्रण (51 लाख रु0) में भी विभिन्न कारणों से बचत रही।

पूंजीगत व्यय--

मूल आय-व्ययक में पूंजीगत व्यय के लिए आयोजनागत पक्ष में 402.15 करोड़ रु0 की व्यवस्था थी और यह अनुमान लगाया गया था कि आयोजनेतर पक्ष की वे प्राप्तियां जिन्हें व्यय में समायोजत किया जाता है, व्यय से 9.24 करोड़ रु0 अधिक रहेगी और फलस्वरूप समेकित निधि पर पूंजीगत व्यय का शुद्ध भार 392.91 करोड़ रु0 ही रहेगा किन्तु वास्तविक व्यय के आधार पर शुद्ध पूंजीगत व्यय 541.38 करोड़ रु0 हुआ जिसमें 517.46 करोड़ रु0 आयोजनागत पक्ष का तथा 23.92 करोड़ रु0 आयोजनेतर पक्ष का है।

आयोजनागत पक्ष में 115.31 करोड़ रु0 की वृद्धि मुख्यरूप से निम्न न्यूनाधिकताओं के कारण है: सिंचाई, नौ-परिवहन, जलोत्सारण एवं बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय में हुई 2009 लाख रु0 की वृद्धि का मूल कारण सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण-कार्य में गतिशीलता लाना तथा निर्माण सामग्री का अधिक महंगाई होना है। नदी सड़कों तथा पुलों के निर्माण व पुरानी सड़कों के रख-रखाव पर आवश्यकतानुसार अधिक व्यय होने के कारण सड़क और पुलों पर पूंजीगत परिव्यय 1446 लाख रु0 की वृद्धि रही। पर्वतीय क्षेत्र की आवश्यकताओं के आधार पर आवश्यक भवनों के निर्माण तथा सड़कों में के पुनर्निर्माण पर अधिक व्यय किए जाने के कारण विशेष तथा पिछड़े क्षेत्रों पर पूंजीगत परिव्यय में (1159 लाख रु0) की वृद्धि हुई। बहुउद्देशीय नदी परियोजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय में 1115 लाख रु0 की वृद्धि रही। राज्य वस्त्र निगम तथा अन्य संस्थाओं के अंशकों में अधिक धन लगाने के मूल कारण से उपभोक्ता उद्योगों पर पूंजीगत परिव्यय मे 943 लाख रु0 का व्यय अधिक हुआ। राज्य सड़क परिवहन निगम के अंशकों में अधिक पूंजी विनियोजन किए जाने के कारण सड़क और जल परिवहन सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय 800 लाख रु0 अधिक रहा। सहकारी चीनी मिलें तथा अन्य सहकारी संस्थाओं में अपेक्षाकृत अधिक विनियोजन क कारण सहकारिता पर पूंजीगत परिव्यय में 666 लाख रु0 की वृद्धि रही। मुख्यतया 'पिकप" के अंशकों में विनियोजन किए जाने के कारण औद्योगिक अनुसन्धान और विकास पर पूंजीगत परिव्यय 504 लाख रु0 अधिक रहा। लोक स्वास्थ्य, सफाई और जल सम्पूर्ति पर पूंजीगत परिव्यय में 430 लाख रु0 की वृद्धि रही। शिक्षा विभाग से सम्बन्धित कतिपय भवनों के निर्माण के लिए व्यवस्था किए जाने के मुख्य कारण से शिक्षा, कला और संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय 373 लाख रु0 अधिक रहा। वित्तीय निगम के अंशकों में विनियोजन किए जाने के कारण औद्योगिक वित्तीय संस्थाओं में निवेश 300 लाख रु0 अधिक रहा। आवास तथा पशुपालन पर पूंजीगत परिव्यय में क्रमशः (237 लाख रु0) और (224 लाख रु0) की वृद्धि रही। खनिज विकास निगम के अंशकों को क्रय किए जाने के कारण खनन और धातु कर्मक उद्योगों पर पूंजीगत परिव्यय में 200 लाख रु0 की वृद्धि रही। मुख्यतयः आलू के बीज संग्रह हेतु शीतगृह के निर्माण की व्यवस्था किए जाने के कारण कृषि पर पूंजीगत परिव्यय 151 लाख रुपये अधिक रहा। ग्रामोद्योग और लघु उद्योगों पर पूंजीगत परिव्यय (142 लाख रु0), चिकित्सा पर पूंजीगत परिव्यय (135 लाख रु0), लोक निर्माण कार्यों पर पूंजीगत परिव्यय (117 लाख रु0), जल एवं विद्युत् विकास सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय (100 लाख रु0), अन्य परिवहन और संचार सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय 81 लाख रु0, तथा डेरी विकास पर पूंजीगत परिव्यय 67 लाख रु0 अधिक रहा। इसके विपरीत लघु सिंचाई, भू-संरक्षण और क्षेत्र विकास पर पूंजीगत परिव्यय, सामुदायिक विकास पर पूंजीगत परिव्यय तथा मशीनरी और इंजनियरी उद्योगों पर पूंजीगत परिव्यय में क्रमश 91 लाख रु0, 70 लाख रु0 तथा 60 लाख रु0 की बचत रही।

आयोजनेतर पक्ष का शुद्ध वास्तविक व्यय 33.16 करोड़ रु0 अधिक रहा। मुख्यतयः कतिपय विभागीय भवनों के निर्माण की व्यवस्था किए जाने के कारण सार्वजनिक निर्माण-कार्यों पर पूंजीगत परिव्यय में 2788 लाख रु0 की वृद्धि रही तथा सप्तम वित्त आयोग की शासन के विकेन्द्रीकरण योजना के अन्तर्गत स्वीकृत राजस्व प्रशासन के आवासीय भवनों के निर्माण हेतु व्यवस्था किए जाने के कारण आवास पर पूंजीगत परिव्यय 346 लाख रु0 अधिक रहा। सड़कों और पुलों पर पूंजीगत परिव्यय तथा अन्य सामान्य आर्थिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय में क्रमशः 1049 लाख रु0, 179 लाख रु0, अधिक रहा। खाद्य विभाग की वे प्राप्तियां जो व्यय में समायोजित की जाती है, के व्यय से अधिक रहने की आशा थी किन्तु प्राप्तियां अपेक्षाकृत कम होने के कारण खाद्य पर पूंजीगत परिव्यय 613 लाख रु0 अधिक रहा। दूसरी ओर कृषि विभाग में उर्वरकों आदि की बिक्री से

प्राप्तियां, जिन्हें व्यय में से घटा दिया जाता है, अपेक्षाकृत अधिक होने के कारण कृषि पर पूंजीगत परिव्यय 1757 लाख रु0 कम रहा। लोक स्वास्थ्य, सफाई और जल सम्पूर्ति पर पूंजीगत परिव्यय (186 लाख रु0) तथा अन्य सामाजिक और सामुदायिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय (132 लाख रु0 कम रहा)।

ऋणों का प्रतिदान

राज्य सरकार द्वारा लिये गये ऋणों के सम्बन्ध में प्रतिदान के लिये मूल आय-व्ययक में 755.39 करोड़ रु0 की व्यवस्था की गई थी जिसके समक्ष वास्तविक प्रतिदान 1174.06 करोड़ रु0 का रहा। प्रतिदान में अप्रत्याशित वृद्धि मुख्यत: रिजर्व बैंक से लिये गये अर्थोपाय अग्रिमों से सम्बन्धित 818.84 करोड़ रु0 की समायोजन प्रविष्टि के कारण है जिसके लिये मूल बजट में 500 करोड़ रु0 की व्यवस्था की गई थी। प्रतिदान के बजट अनुमानों से तथा वास्तविक आंकड़ों से रिजर्व बैंक से अर्थोपाय अग्रिमों से सम्बन्धित आंकड़े निकाल कर 255.39 करोड़ रु0 के बजट अनुमानों के समक्ष वास्तविक प्रतिदान 355.22 करोड़ रु0 का हुआ जो मूल प्राविधान से 99.83 करोड़ रु0 अधिक है। मुख्य वृद्धि केन्द्रीय सरकार से वर्ष के दौरान प्राप्त 95.00 करोड़ रु0 के अर्थोपाय अग्रिम के भुगतान के कारण है जिसके लिये मूल बजट में कोई व्यवस्था नहीं थी।

बाजार ऋणों के प्रतिदान के लिये कुल 19.14 करोड़ रु0 का प्राविधान किया गया था जबकि बाण्ड होल्डर्स ने वास्तव में 16.92 करोड़ रु0 का ही भुगतान प्राप्त किया। भारत के जीवन बीमा निगम से ऋण के प्रतिदान हेतु 1.61 करोड़ रु0 का प्राविधान किया गया था जबकि वास्तविक प्रतिदान 1.67 करोड़ रु0 का हुआ। अन्य संस्थाओं से ऋण के प्रतिदान हेतु 4.17 करोड़ रु0 के बजट प्राविधान की तुलना में वास्तविक प्रतिदान 4.48 करोड़ रु0 का हुआ।

ऋणों और अग्रिमों का संवितरण—

मूल अनुमानों में ऋणों के संवितरण के लिये 368.66 करोड़ रु0 की व्यवस्था की गई थी जिसमें 339.95 करोड़ रु0 की धनराशि आयोजनागत योजनाओं के अन्तर्गत वितरित किये जाने वाले ऋणों के लिये थी और शेष 28.71 करोड़ रु0 की धनराशि आयोजनेतर ऋण के लिये थी। वर्ष के दौरान वास्तव में 497.35 करोड़ रु0 की धनराशि वितरित की गई जिसमें 407.22 करोड़ रु0 की धनराशि आयोजनागत योजनाओं के लिये तथा 90.13 करोड़ रु0 की धनराशि आयोजनेतर मदों के लिये वितरित की गई। आयोजनागत पक्ष में उक्त वृद्धि मुख्यत: नगर विकास, सहकारिता, विशेष एवं पिछड़े हुये क्षेत्र, कृषि औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास, ग्राम एवं लघु, उद्योग, मशीनरी तथा इन्जीनियरिंग उद्योग तथा विद्युत परियोजनाओं के लिये ऋण के अन्तर्गत तथा आयोजनेतर पक्ष में सहकारिता तथा उपभोक्ता उद्योगों के लिये अधिक ऋण वितरण के कारण हुई।

आकस्मिकता निधि

मूल अनुमानों में यह प्रकल्पना हुई थी कि आलोच्य वर्ष के दौरान आकस्मिकता निधि से लिये गये सभी अग्रिमों की प्रतिपूर्ति वर्ष के दौरान ही कर दी जायेगी परन्तु वास्तव में 32.54 करोड़ रु0 की प्रतिपूर्ति नहीं की जा सकी।

लोक लेखा—

मुख्यत: "लोक लेखा" के अन्तर्गत लेन-देनों का सम्बन्ध राज्य सरकार द्वारा निर्मित ऋण शोधन निधियों से तथा विभिन्न निकायों के निक्षेपों और उन अन्य निक्षेपों आदि से है जिनके सम्बन्ध में राज्य सरकार एक बकर के रूप में कार्य करती है। कुल 132.47 करोड़ रुपये की मूलत: अनुमानित शुद्ध प्राप्ति की तुलना में वर्ष में हुये वास्तविक लेन देनों के फलस्वरूप 523.09 करोड़ रुपये की शुद्ध प्राप्ति लेखे में प्रदर्शित है। वास्तविक आंकड़ों में प्रदर्शित शुद्ध प्राप्तियों में 390.62 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। शुद्ध वृद्धियां भविष्य निधियों, बीमा तथा पेंशन निधियों, सिविल निक्षेप, विप्रेषण, उचन्त लेखे तथा प्रकीर्ण सरकारी लेखा के अन्तर्गत हुई जिनके अन्तर्गत प्राप्ति संवितरण से अधिक रही।

———

पुनरीक्षित अनुमान 1984–85

निम्नलिखित विवरण-पत्र में स्थिति का सारांश दिया गया है:—

(करोड़ रुपयों में)

	मूल आय-व्ययक अनुमान 1984–85	पुनरीक्षित अनुमान 1984–85
1	2	3
प्रारम्भिक शेष	(–) 119.91	(+) 5.59
1—समेकित निधि—		
प्राप्तियां—		
राजस्व लेखे की प्राप्तियां	3006.10	3078.72
पूंजी लेखे की प्राप्तियां—		
कर्जों से प्राप्तियां	1309.75	2616.98
कर्जों और पेशगियों की वसूलियां	40.43	79.76
योग, पूंजी लेखे की प्राप्तियां ..	1350.18	2696.74
योग, प्राप्तियां ..	4356.28	5775.46
व्यय—		
राजस्व लेखे का व्यय	2950.86	3147.68
पूंजी लेखे का व्यय—		
पूंजीगत परिव्यय	440.86	694.54
कर्जों का प्रतिदान	819.20	1628.60
कर्जे और पेशगियां	418.08	684.17
आकस्मिकता निधि को अन्तरण	..	200.00
योग, पूंजी लेखे का व्यय ..	1678.14	3207.31
योग, व्यय ..	4629.00	6354.99
समेकित निधि में घाटा (–)/बचत (+) ..	(–) 272.72	(–) 579.53
2—आकस्मिकता निधि (शुद्ध)	..	(+) 182.54
3—लोक लेखा (शुद्ध)	(+) 213.40	(+) 209.25
समस्त लेन-देनों का शुद्ध परिणाम ..	(–) 59.32	(–) 187.74
अन्तिम शेष	(–) 179.23	(–) 182.15

राजस्व लेखा की प्राप्तियां--

वर्ष 1984-85 की राजस्व प्राप्तियों के मूल अनुमान की तुलना में पुनरीक्षित अनुमान में 7262 लाख रु0 की वृद्धि प्रदर्शित है, जो निम्नलिखित न्यूनाधिकताओं के फलस्वरूप हुई है :--

(लाख रुपयों में)

	आय-व्ययक अनुमान 1984-85	पुनरीक्षित अनुमान 1984-85	न्यूनाधिकताएं वृद्धि (+) कमी (-)
1--केन्द्रीय करों में राज्य सरकार का अंश (अतिरिक्त संघीय उत्पादन शुल्क को मिलाकर	9,66,52	9,61.65	(-) 4,87
2--राज्य सरकार का कर राजस्व (जिसमें भू-राजस्व सम्मिलित है, किन्तु अतिरिक्त संघीय उत्पादनक शुल्क में राज्य का अंश सम्मिलित नहीं है) ..	10,71,38	10,75,36	(+) 3,98
3--भारत सरकार से सहायक अनुदान और अन्य प्राप्तियां ..	5,80,06	6,45,41	(+) 65,35
4--अन्य प्राप्तियां	3,88,14	3,96,30	(+) 8,16
योग ..	30,06,10	30,78,72	(+) 72,62

भारत सरकार से प्राप्त संकेतों के अनुसार आयकर के विभाज्य समुच्चय में राज्य सरकार का अंश 14,62 लाख रु0 कम तथा संघीय उत्पादन शुल्क (आधारिक और अतिरिक्त) गैर कृषि सम्पदा शुल्क के अन्तर्गत क्रमश: 851 लाख रु0 और 124 लाख रु0 अधिक अनुमानित है ।

मुख्यत: करापवंचन की रोकथाम के सम्बन्ध में प्रभावी कदम उठाये जाने तथा कर देने वाले व्यापारियों की संख्या में वृद्धि के कारण विक्रय-कर के अधीन प्राप्तियां 944 लाख रु0 अधिक रखी गई है । मुख्यत: आय की प्रगति के आधार पर स्टाम्प तथा निबन्धन शुल्क के अधीन प्राप्तियों में 940 लाख रु0 की वृद्धि परिलक्षित है । राज्य आबकारी के अन्तर्गत प्राप्तियों में 270 लाख रु0 की वृद्धि सम्भावित है । दूसरी ओर आय की प्रगति के आधार पर भू-राजस्व, वाहनों पर कर तथा माल तथा यात्रियों पर कर के अधीन प्राप्तियां क्रमश: 991 लाख रु0, 486 लाख रु0 तथा 297 लाख रु0 कम आंकी गयी है ।

राज्य आयोजनागत योजनाओं, आयोजनेतर योजनाओं, केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनाओं तथा सेन्ट्रल सेक्टर योजनाओं के निमित्त भारत सरकार से मिलने वाली राज सहायता में क्रमश: 2997 लाख रु0, 2934 लाख रु0, 354 लाख रु0, तथा 250 लाख रुपये की वृद्धि अनुमानित है ।

मुख्यत: विभागीय वाणिज्यिक उपक्रम से प्राप्त ब्याज में वृद्धियों के कारण ब्याज प्राप्तियों में 409 लाख रु0 की वृद्धि प्रदर्शित है । मुख्यत: आय की प्रगति के आधार पर शिक्षा, सिचाई तथा परिवहन, जल निकास एवं बाढ़ नियंत्रण परियोजनायें, कृषि, सड़कें और पुल, लाभांश और लाभ तथा सहकारिता के अन्तर्गत प्राप्तियों में क्रमश 150 लाख रु0-150 लाख रु0, 58 लाख रु0, 82 लाख रु0 55 लाख रु0 तथा 45 लाख रु0 की वृद्धि परिलक्षित है । इसके विपरीत मुख्यत: वन उपजों की बिक्री अपेक्षाकृत कम आय प्राप्त होने के कारण वन के अन्तर्गत प्राप्तियां 91 लाख रु0 कम अनुमानित हैं । बहु प्रयोजनीय नदी परियोजनायें तथा अन्य प्रशासनिक सेवायें के अन्तर्गत प्राप्तियां क्रमश: 47 लाख रु0 और 38 लाख रु0 कम अनुमानित हैं ।

पूंजी लेखे की प्राप्तियां:-

कर्जों से प्राप्तियां:-

आलोच्य वर्ष में कर्जों से प्राप्तियों का अनुमान 1309.75 करोड़ रु0 रखा गया था । जिसमें रिजर्व बैंक से प्राप्त होने वाले सम्भावित अर्थोपाय अग्रिमों की 500 करोड़ रु0 की धनराशि भी सम्मिलित थी । दैनिक अर्थोपाय की स्थिति के अनुसार रिजर्व बैंक से समय-समय पर अर्थोपाय अग्रिम लिये जाते हैं और उनका प्रतिदान किया जाता है । आवश्यकता के आधार पर चालू वित्तीय वर्ष में 1300 करोड़ रु0 के अर्थोपाय अग्रिम रिजर्व बैंक से प्राप्त होने का अनुमान है । चालू वित्तीय वर्ष में बाजार कर्ज से प्राप्त होने वाले 220.67 करोड़ रु0 के मूल अनुमान के विपरीत 241.22 करोड़ रु0 का कर्ज प्राप्त हुआ । भारतीय जीवन बीमा निगम से 6.20 करोड़ रु0 "मूल अनुमान के समक्ष 7·05 करोड़ रु0 का कर्ज प्राप्त होने का अनुमान है । अन्य संस्थाओं तथा प्रतिकर तथा अन्य बन्धपत्रों से प्राप्त होने वाले ऋणों के लिये 4.23 करोड़ रुपये का मूल अनुमान रखा गया था जबकि पुनरीक्षित अनुमानों में 12.07 करोड़ रुपये का कर्जा अनुमानित है, केन्द्रीय सरकार से कर्जो और पेशगियों के लिये 540.19 करोड़ रुपये के मूल अनुमान की तुलना में पुनरीक्षित अनुमान 1016.06 करोड़ रुपये का है । आयोजनेतर कर्जों के अन्तर्गत साधनों के अन्तर को पूरा करने के लिये 343.20 करोड़ रुपये का अनुमानित कर्जा सम्मिलित है । अल्प बचत योजना के अन्तर्गत अल्प बचत संग्रहण के भाग के लिये मूल बजट में 150.00 करोड़ रुपये का कर्ज अनुमानित था जबकि पुनरीक्षित अनुमानों में यह अनुमान बढ़कर 200.00 करोड़ रुपये हो गया है, खाद्य तथा उर्वरकों के लिये 40.00 करोड़ रुपये के मूल अनुमान की तुलना में 42.50 करोड़ रुपये के कर्जे का अनुमान है । राज्य

आयोजनागत योजनाओं के लिये कर्जे के लिये 337.88 करोड़ रुपये के मूल अनुमान के समक्ष पुनरीक्षित अनुमान 397.58 करोड़ रु0 का है। केन्द्रीय योजनागत योजनाओं तथा केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनागत योजनाओं के लिये कर्जों के लिये मूल अनुमान क्रमशः 2.85 करोड़ रुपये तथा 7.30 करोड़ रुपये रखा गया था जबकि इन योजनाओं के लिये प्राप्त होने वाले कर्जे का पुनरीक्षित अनुमान क्रमशः 3.80 करोड़ रुपये तथा 4.04 करोड़ रुपये है। आलोच्य वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकार से विभिन्न प्रयोजनों के लिये 23.29 करोड़ रुपये के अर्थोपाय पेशगियां प्राप्त हुई जिन्हें पुनरीक्षित अनुमान के अन्तर्गत प्रदर्शित किया गया है जबकि इनके लिये मूल अनुमान में कोई धनराशि सम्मिलित नहीं थी।

कर्जे और पेशगियों की वसूलियां:—

राज्य सरकार द्वारा दिये गये कर्जे और पेशगियों की वसूलियों का मूल अनुमान 40.43 करोड़ रुपया था जबकि इसके लिये पुनरीक्षित अनुमानों में 79.76 करोड़ रुपये की वसूली अनुमानित है। 39.33 करोड़ रु0 की वृद्धि मुख्यतः सहकारिता के लिये कर्जे के अन्तर्गत (34.09 करोड़ रुपये), कृषि के लिये कर्जे के अन्तर्गत (3.23 करोड़ रुपये) तथा सड़क तथा जल परिवहन सेवाओं के लिये कर्जे के अन्तर्गत (2.00 करोड़ रुपये) है।

राजस्व लेखे का व्यय—

वर्ष 1984–85 के लिये आय-व्ययक में 2950.86 करोड़ रु0 के राजस्व व्यय की व्यवस्था थी जिसमें केन्द्रीय आयोजनागत योजनाओं, केन्द्र द्वारा पुरोनिश्चानित योजनाओं और राज्य आयोजनागत योजनाओं के लिये 703.19 करोड़ रु0 और आयोजनेतर व्यय के लिये 2247.67 करोड़ रु0 रखा गया था। पुनरीक्षित अनुमान में 3147.67 करोड़ रु0 की व्यवस्था है जिसमें आयोजनागत पक्ष के लिये 829.10 करोड़ रु0 और आयोजनेतर व्यय के लिये 2318.57 करोड़ रु0 की राशियां सम्मिलित हैं।

आयोजनागत पक्ष में 125.91 करोड़ रु0 की वृद्धि मुख्यतः राज्य आयोजनागत परिव्यय में वृद्धि के फलस्वरूप है। सरकारी तथा अन्य कर्मचारियों को स्वीकृत किये जाने वाले महंगाई भत्ते के लिये किये गये एकमुश्त प्राविधान की राशि को सम्बन्धित कार्यात्मक शीर्षकों में ही वहन किये जाने के कारण सचिवालय सामान्य सेवायें के अन्तर्गत 2000 लाख रु0 की बचत प्रदर्शित है—किन्तु यह व्यय कार्यात्मक शीर्षकों से वहन किये जाने के फलस्वरूप संबंधित शीर्षकों के अन्तर्गत वृद्धियां सम्मिलित हैं। इस वृद्धि को सम्मिलित करके अन्यथा बड़ी-बड़ी अधिकताओं को आगे स्पष्ट किया गया है। भारत सरकार से न्यूनतम आवश्यकता कार्य-क्रम के अन्तर्गत त्वरित ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के लिये अतिरिक्त सहायता उपलब्ध होने के प्रमुख कारण से लोक स्वास्थ्य, सफाई और जल प्रदाय के अन्तर्गत 3724 लाख रु0 की वृद्धि अनुमानित है। पंचायती राज्य संस्थाओं के माध्यम से स्थानीय कार्यों के सम्पादनार्थ राज्य के भू-राजस्व की शुद्ध आय के समतुल्य राशि को गांव सभाओं को हस्तान्तरित करने का निर्णय लिया गया जिसे वे प्रकाश व्यवस्था, स्कूल भवनों, हैन्ड पम्पों तथा ग्रामीण सड़कों के अनुरक्षण पर व्यय करेंगे। मुख्यतया इस कारण तथा जिला परिषदों को सड़कों, सम्पर्क मार्गों के निर्माण हेतु विशेष अनुदान स्वीकृत किये जाने के कारण सामुदायिक विकास के अन्तर्गत 3634 लाख रु0 की वृद्धि परिलक्षित है। क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के लिये अतिरिक्त परिव्यय उपलब्ध कराये जाने के फलस्वरूप विशेष और पिछड़े क्षेत्र के अन्तर्गत 1440 लाख रु0 अधिक रखा गया है। आवश्यकता के आधार पर शिक्षा के अन्तर्गत 1239 लाख रु0 की वृद्धि परिलक्षित है। मुख्यतः हथकरघा वस्त्रों की बिक्री पर 20 प्रतिशत छूट दिये जाने, गांधी जयन्ती के अवसर पर वर्ष 1982–83 तथा 1983–84 में खादी बिक्री पर दी गयी छूट के अवशेषों के भुगतान हेतु अतिरिक्त व्यवस्था करने तथा प्रदेश के चुने हुए जनपदों में राज्य पूंजीगत उपादान की व्यवस्था करने के फलस्वरूप ग्राम उद्योग और लघु उद्योग के अन्तर्गत 856 लाख रु0 अधिक रखा गया है। मुख्यतः संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के भवनों के निर्माण हेतु व्यवस्था किये जाने के कारण चिकित्सा के अन्तर्गत 746 लाख रु0 की वृद्धि परिलक्षित है। सार्वजनिक क्षेत्रों में स्थापित होने वाले उद्योगों एवं केन्द्रीय सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना हेतु सुविधायें उपलब्ध कराने तथा जैनरेटिंग सेट क्रय किये जाने के कारण उद्योग के अन्तर्गत 696 लाख रु0 अधिक अनुमानित है। मुख्यतया समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारियों की प्रक्षेत्र विकास कार्य हेतु अतिरिक्त सहायता दिये जाने के कारण क्षेत्र विकास के अन्तर्गत 574 लाख रु0 की वृद्धि परिलक्षित है। आवश्यकता के आधार पर परिवार कल्याण (443 लाख रु0), सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण (355 लाख रु0) कृषि (319 लाख रु0), श्रम और रोजगार (162 लाख रु0), सहकारिता (94 लाख रु0), सचिवालय आर्थिक सेवायें (8 लाख रु0), वन (59 लाख रु0), वैज्ञानिक सेवायें और अनुसंधाम (46 लाख रु0), तथा कला और संस्कृति (35 लाख रु0) में वृद्धि प्रदर्शित है।

आयोजनेतर पक्ष में 70.90 करोड़ रु0 की वृद्धि परिलक्षित है। सरकारी तथा अन्य कर्मचारियों को स्वीकृत किये जाने वाले महंगाई भत्ते के लिये किये गये एक मुश्त प्राविधान की राशि को सम्बन्धित कार्यात्मक शीर्षकों से वहन किये जाने के फलस्वरूप सचिवालय सामान्य सेवायें के अन्तर्गत 17938 लाख रु0 की कमी प्रदर्शित है। मुख्यतः इसके कारण शिक्षा में 10664 लाख रु0, पुलिस में 2536 लाख रु0, सड़कें और पुल में 2521 लाख रुपया, सिंचाई, नौ परिवहन, जल निकास और बाढ़ नियंत्रण परियोजनायें में 1154 लाख रु0, विक्रय कर में 1121 लाख रु0, लोक स्वास्थ्य, सफाई और जल प्रदाय में 566 लाख रु0, कृषि में 352 लाख रु0, सामाजिक सुरक्षा और कल्याण में 327 लाख रु0, सामुदायिक विकास में 254 लाख रु0, लोक निर्माण कार्य में 217 लाख रु0, श्रम और रोजगार में 200 लाख रु0, अन्य प्रशासनिक सेवायें में 189 लाख रु0, सिविल विमानन में 97 लाख रु0, जेल में 92 लाख रु0 तथा राज्य उत्पादन शुल्क में 72 लाख रु0 की वृद्धि परिलक्षित है। बाढ़ग्रस्त तथा सूखाग्रस्त क्षेत्रों में प्रभावित व्यक्तियों को सहायता उपलब्ध कराने हेतु भारत सरकार से प्राप्त राशि के वितरण के कारण प्राकृतिक आपदाओं के संबंध में राहत के अन्तर्गत 2652 लाख रु0 की वृद्धि अनुमानित है। मुख्यतः नलकूपों के नवीनीकरण, प्रतिस्थापन, परिचालन तथा अनुरक्षण के लिये अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराये जाने तथा कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि किये जाने के कारण लघु सिंचाई के अन्तर्गत 1585 लाख रु0 अधिक रखा गया है। आवश्यकता के आधार पर ब्याज की अदायगियों के अन्तर्गत 1187 लाख रु0 की वृद्धि है। दूसरी ओर आवश्यकता के आधार पर पेन्शन और अन्य सेवा निवृत्त लाभ में 983 लाख रु0, सड़क तथा जल परिवहन सेवायें में 72 लाख रु0 तथा निर्वाचन के अन्तर्गत 60 लाख रु0 की कमी प्रदर्शित है।

पूंजीगत व्यय--

मूल आय-व्ययक में पूंजीगत व्यय के लिये 440.86 करोड़ रु0 की व्यवस्था थी जिसमें 439.36 करोड़ रु0 आयोजनागत पक्ष में तथा 1.50 करोड़ रु0 आयोजनेतर पक्ष में था। पुनरीक्षित अनुमान 694.55 करोड़ रु0 है जो मूल अनुमान की तुलना में 253.69 करोड़ रु0 अधिक है।

